1080513 - B1

विद्यार्थी उत्तर-पुस्तिका में मुख पृष्ठ पर कोड नं. अवश्य लिखें।

Class - X
कक्षा - X

HINDI
हिन्दी

(Course B)
(पाठ्यक्रम ब)

निर्धारित समय : **3** घंटे] [अधिकतम अंक : **80**

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **14** हैं।
- प्रश्न-पत्र में बाएँ हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 18 प्रश्न हैं।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। इस अवधि के दौरान छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

निर्देश :

(i) इस प्रश्न-पत्र के **चार** खंड हैं — **क, ख, ग** और **घ**।

(ii) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है।

(iii) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए।

खंड 'क'

1. अपठित गद्यांश

महर्षि अरविंद लिखते हैं – 'शिक्षा का कार्य आत्मा को विकसित करने में सहायता देना हैं।' अर्थात् शिक्षा से हमारा सम्पूर्ण व्यक्तित्व प्रभावित होता है। गांधीजी के अनुसार ''शिक्षा से मेरा अभिप्राय हैं बच्चे की सम्पूर्ण शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक शक्तियों का सर्वांगीण विकास । साक्षरता न तो शिक्षा का अंत है और न आरम्भ।' शिक्षा मनुष्य को मस्तिष्क और शरीर का उचित प्रयोग करना सिखाती है। वह शिक्षा जो मनुष्य की पाठ्य-पुस्तकों के अतिरिक्त कुछ गंभीर चिंतन न दे, व्यर्थ है। यदि हमारी शिक्षा सुसंस्कृत, सभ्य, सच्चरित्र एवं अच्छे नागरिक नहीं बना सकती तो उससे क्या लाभ? सहृदय, सच्चा परन्तु अनपढ़ मजदूर उस स्नातक से कहीं अच्छा है, जो निर्दयी और चरित्रहीन है। हमारे कुछ अधिकार एवं उत्तरदायित्व भी हैं । शिक्षित व्यक्ति को उत्तरदायित्वों का भी उतना ध्यान रखना चाहिए, जितना अधिकारों का ।

(i) शिक्षा मनुष्य को उचित प्रयोग सिखाती है– **1**

(क) मस्तिष्क और शरीर का (ख) किताबों का

(ग) भावनाओं का (घ) शब्दों का

(ii) जो शिक्षा गंभीर चिन्तन न दे वह – **1**

(क) उचित है (ख) व्यर्थ है

(ग) लाभकारी है (घ) फलदायक है

(iii) कैसी शिक्षा मनुष्यों के लिए लाभकारी है? **1**

(क) जो मनुष्य को निर्दयी बनाए

(ख) जो मनुष्य को असभ्य बनाए

(ग) जो मनुष्य को सुसंस्कृत बनाए

(घ) जो मनुष्य को स्वार्थी बनाए

(iv) जो चारित्रहीन स्नातक है उससे अच्छा कैसा व्यक्ति है? **1**

(क) अनपढ़ मजदूर (ख) पढ़ालिखा किसान

(ग) रईस व्यक्ति (घ) स्वार्थी व्यक्ति

(v) शिक्षित व्यक्तियों को अधिकारों के अतिरिक्त और किस बात का ध्यान रखना चाहिए? **1**

(क) धन का (ख) पद का

(ग) कर्तव्य का (घ) उत्तरदायित्व का

2. अपठित गद्यांश

पिता की कैंसर की बीमारी, पढ़ाई का खर्चा, घर का खर्चा भी भोले भाले शंकर के कंधों के लिए असहनीय हो रहा था । लेकिन अंगद के पाँव की शांति सुदृढ विचारोंवाले शंकर ने ठान ली कि वह बापू के इलाज में कोई कमी नहीं रहने देगा । चाहे उसे भूखा ही क्यों न रहना पड़े । सुबह सवेरे ही वह ट्यूशन करने के लिए निकल पड़ता । घर आकर कुछ समय वह अपनी भी पढ़ाई करता, फिर दस बजे स्कूल पहुँच जाता । गर्मियों में ट्यूशन पर स्कूल की छुट्टी के बाद ही जाता । इतना अधिक काम का बोझ, अपर्याप्त खुराक से खूबसूरत, स्मार्ट शंकर धीरे-धीरे बुझे हुए टिम-टिम करते दीपक सा लगने लगा । उसका उदास चेहरा, सूनी आँखे देखकर माँ का दिल बार-बार रोता । उसकी यह दयनीय हालत देखकर सहृदय प्रिंसीपल के मन में शंकर के प्रति अगाध प्रेम और दया का सागर हमेशा ही हिलोरें लिया करता था । वे किसी न किसी रूप में शंकर की सहायता करना चाहते थे ।

उपर्युक्त गद्यांश के आधार पर सही विकल्पों को चुनकर लिखिए -

(i) भोले शंकर के लिए क्या असहनीय हो रहा था? **1**

(क) पिता की बीमारी, पढ़ाई का खर्चा, घर का खर्चा

(ख) पिता की बीमारी और माँ का उदास चेहरा

(ग) पिता की वृद्धावस्था

(घ) पिता की बीमारी का इलाज

(ii) शंकर ने क्या ठान ली? **1**

(क) बापू का पूरा ध्यान रखेगा ।

(ख) बापू को अस्पताल मे भर्ती करवाएगा ।

(ग) बापू के लिए पैसे कमाएगा ।

(घ) बापू के इलाज में कोई कमी न रहने देगा ।

(iii) धीरे-धीरे शंकर की क्या हालत हो गई? **1**

(क) पढ़ाई छोड़नी पडी ।

(ख) चिड़चिड़ा हो गया।

(ग) बीमार हो गया ।

(घ) बुझे हुए दीपक-सा लगने लगा।

(iv) शंकर की माँ का दिल क्यों रोता था? **1**

(क) शंकर का कमज़ोर शरीर देखकर

(ख) शंकर का उदास चेहरा और सूनी आँखें देखकर

(ग) शंकर का परिश्रम देखकर

(घ) शंकर की छूटती पढ़ाई देखकर

(v) प्रिंसीपल के मन में शंकर के प्रति क्या भाव आए? **1**

(क) गर्व का भाव

(ख) अगाध प्रेम और दया का भाव

(ग) मित्रता का भाव

(घ) अपनेपन का भाव

3. अपठित काव्यांश

भई सूरज जरा इस आदमी को जगाओ
भई पवन जरा इस आदमी को हिलाओ
यह आदमी जो सोया पड़ा है
जो सच से बेखबर
    सपनों में खोया पड़ा है।
भई पंछी
    इसके कानों पर चिल्लाओ ।
भई सूरज ! जरा इस आदमी को जगाओ !
वक्त पर जगाओ
नहीं तो जब बेवक्त जागेगा यह
तो जो आगे निकल गए हैं
उन्हें पाने, घबरा के भागेगा यह !
भागना अलग है

क्षिप्र गति अलग है

क्षिप्र तो वह है

जो सही क्षण में सजग है

सूरज इसे जगाओ, पवन इसे हिलाओ

पंछी इसके कानों पर चिल्लाओ ।

उपर्युक्त काव्यांश के आधार पर दिए गए प्रश्नों के नीचे दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प छाँट कर लिखिए –

(क) कवि किस से जागाने की गुहार नहीं कर रहा? **1**

(i) सूरज (ii) चाँद

(iii) पवन (iv) पंछी

(ख) 'सोया पड़ा आदमी _____ से बेखबर है। (सही शब्द से वाक्य पूरा करें) **1**

(i) खुद (ii) घर – परिवार

(iii) सच (iv) समाचार

(ग) बेवक्त जागने का क्या दुष्परिणाम होगा? **1**

(i) व्यक्ति परेशान हो जाएगा । (ii) इधर उधर भागेगा

(iii) निराश हो जाएगा (iv) आगे जाने वालों को पाने के लिए भागेगा।

(घ) क्षिप्र गति का क्या अर्थ है? **1**

(i) तेज़ दौड़ना (ii) समय पर सोना

(iii) तुरन्त काम करना (iv) सही समय पर जागरूक होना

(ङ) कवि मानव को क्यों जगाना चाहता है? **1**

(i) सच से बेखबर रखने के लिए

(ii) निराश रखने के लिए

(iii) जीवन को सार्थक व उन्नत बनाने के लिए

(iv) आराम से काम करने के लिए

4. अपठित काव्यांश

ज्यों निकलकर बादलों की गोद से
थी अभी इक बूँद कुछ आगे बढ़ी ।
सोचने फिर-फिर यही जी में लगी
आह! क्यों घर छोड़कर मैं थों कढ़ी ।
दैव ! मेरे भाग्य में हैं क्या बदा
मैं बचूँगी या मिलूँगी धूल में ।
जल उठूँगी गिर अँगारे पर किसी
चू पड़ूंगी या कमल के फूल में ।
बह पड़ी उस काल इक ऐसी हवा
वह समंदर ओर आई अनमनी ।
एक सुंदर सीप का था मुँह खुला
वह उसी में जा रही मोती बनी ।

(क) आह! शब्द किस भाव को व्यक्त करता है? **1**

(i) दु:ख का भाव (ii) खुशी का भाव
(iii) सुख का भाव (iv) बुझे मन का भाव

(ख) बूंद की चिन्ता का विषय क्या है? **1**

(i) गिरने का डर (ii) अतीत के बुरे ख्याल
(iii) वर्तमान स्थिति (iv) भविष्य की चिन्ता

(ग) बूंद के साथ किन लोगों की समानता दिखाई देती है? **1**

(i) जो अनिश्चय की स्थिति में रहते हैं।
(ii) जो निराश हैं ।
(iii) जो वर्तमान से घिरे रहते हैं।
(iv) जो आलसी हैं।

(घ) कवि ने किस सोच पर बल दिया है? **1**

(i) डर की सोच (ii) गलत विचारों की सोच
(iii) सकारात्मक सोच (iv) दु:ख मनाने की सोच

(ङ) मोती बनने का क्या आशय है? **1**

(i) सुखद अहसास होना (ii) लक्ष्य मिलना
(iii) जीवन का अन्त होना (iv) अधूरी मंजिल मिलना

खंड 'ख'

5. (i) निम्नलिखित में से संज्ञा भेद नहीं होता – 1

(क) स्थानवाचक (ख) व्यक्तिवाचक

(ग) जातिवाचक (घ) भाववाचक

(ii) कल हम सब प्रतियोगिता में भाग लेंगे । रेखांकित को कहेंगे– 1

(क) सर्वनाम (ख) क्रिया विशेषण

(ग) संज्ञा (घ) विशेषण

(iii) बच्चे कहानी पढ़ते पढ़ते सो गए। रेखांकित में पदबंध का भेद है – 1

(क) संज्ञा (ख) क्रिया

(ग) क्रिया विशेषण (घ) विशेषण

(iv) लाल कमीज वाला व्यक्ति बहुत ईमानदार है। रेखांकित में पदबन्ध का भेद हैं 1

(क) सर्वनाम (ख) क्रिया विशेषण

(ग) क्रिया (घ) विशेषण

6. (i) मुंशी प्रेमचन्द ने अनेक कहानियाँ लिखी । रेखांकित पद का परिचय है – 1

(क) संज्ञा (व्यक्तिवाचक) एकवचन, पुल्लिंग, कर्ताकारक, कहानियाँ लिखी क्रिया का कर्त्ता

(ख) जातिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, कर्त्ताकारक, कहानियाँ लिखी क्रिया का कर्त्ता

(ग) व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, कर्मकारक, कहानियाँ लिखी क्रिया का कर्म

(घ) निश्चयवाचक सर्वनाम, पुल्लिंग, एकवचन, कर्त्ता कारक ।

(ii) माँ भोजन पका रही हैं । रेखांकित पद का परिचय है – 1

(क) अकर्मक क्रिया, प्रेरणार्थक क्रिया, एकवचन, स्त्रीलिंग, वर्तमान काल

(ख) सकर्मक क्रिया, संयुक्त क्रिया, एकवचन, स्त्रीलिंग, वर्तमान काल

(ग) अकर्मक क्रिया, पूर्वकालिक क्रिया, एकवचन, स्त्रीलिंग, वर्तमान काल

(घ) प्रेरणार्थक क्रिया, एकवचन, स्त्रीलिंग, वर्तमान काल

(iii) परिवार की शोभा वही बढ़ा सकता है, जो सबका चहेता हो । रचना के आधार पर वाक्य भेद हैं 1

(क) इच्छावाचक (ख) सरलवाक्य

(ग) मिश्रित वाक्य (घ) संयुक्त वाक्य

(iv) आपका पत्र मिला । मैं चला गया । इन वाक्यों से बना संयुक्त वाक्य है – 1

(क) आपका पत्र मिला इसलिए मैं चला गया ।

(ख) जब आपका पत्र मिला तब मैं चला गया ।

(ग) मुझे आपका पत्र मिला और मैं चला गया ।

(घ) आपका पत्र मिलते ही मैं चला गया ।

7. (i) जो पक्षी आकाश में विचरण करते हैं, वे बड़े भले लगते हैं । रचना के आधार पर वाक्य भेद है– 1

(क) मिश्रित वाक्य (ख) सरल वाक्य

(ग) संयुक्त वाक्य (घ) विस्मयादिबोधक

(ii) निम्नलिखित वाक्यों में संयुक्त वाक्य है – 1

(क) मेरा भाई प्रथम आया है और उसे पुरस्कार मिला है।

(ख) कवि ने ऐसी कविता सुनाई कि लोग हँसने लगे ।

(ग) बच्चा दूध पीकर खेलने चला गया ।

(घ) बिना परिश्रम के सफलता नहीं मिलेगी ।

(iii) स्वागत का सन्धिविच्छेद है– 1

(क) स्व + आगत (ख) स्वा + गत

(ग) सु + आगत (घ) सु + वागत

(iv) नौ + इक की संधी हैं – 1

(क) नाइक (ख) नाविक

(ग) नौइक (घ) नविक

8. (i) 'रजनीश' में स्वर संधि का कौन सा भेद है? 1

(क) दीर्घ संधि (ख) गुण संधि

(ग) यण संधि (घ) वृद्धि संधि

(ii) 'देशभक्ति' समस्त पद का विग्रह है – 1

(क) देश और भक्ति (ख) देश के लिए भक्ति

(ग) देश की भक्ति (घ) देश में भक्ति

(iii) 'कमल के समान चरण' का समस्त पद है – 1

(क) चरण रूपी कमल (ख) कमल–चरण

(ग) चरण–कमल (घ) कमलाचरण

(iv) निम्नलिखित में किस समस्त पद तत्पुरुष समास है – 1

(क) लौहपुरुष (ख) देहलता

(ग) मनमयूर (घ) रसोई घर

9. (i) जमीन जायदाद की बात आते ही सेठ जी के _____ हो जाते थे । उचित मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति करें। 1

(क) आँख खुलना (ख) हाथ डालना

(ग) कान खड़े होना (घ) आँख बचाना

(ii) मीरा ने अपनी भक्ति से दूसरों में भी कृष्ण भक्ति की _____ दी । उचित मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति करें । 1

(क) अलख जगाना (ख) लगन लगाना

(ग) भाँप लेना (घ) हेकड़ी जताना

(iii) 'सुराग न मिलना' मुहावरे का अर्थ है – 1

(क) रास्ता न मिलना (ख) ज्ञान न होना

(ग) पता न चलना (घ) अनजान लक्ष्य

(iv) 'काठ की हाँडी बार–बार नहीं चढ़ती'– लोकोक्ति का अर्थ है – 1

(क) चालाकी से एक बार काम निकलना

(ख) लकड़ी की हाँडी जल जाना

(ग) नुकसान होना

(घ) बार–बार धोखा देना

खंड 'ग'

10. किसी एक काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर लिखिए –

कस्तूरी कुंडलि बसै, मृग ढूँढै बन माँहि ।

ऐसे घटि – घटि राम है, दुनियाँ दखै नाँहि ।।

पोथी पढ़ि – पढ़ि जग मुवा, पंडित भया न कोइ ।

ऐकै अषिर पीव का, पढ़ै सु पंडित होइ ।।

(i) मृग क्या ढूँढ रहा है? **1**

(क) कुंडलि (ख) कस्तूरी

(ग) वन (घ) भोजन

(ii) 'घटि-घटि राम है' का आशय है? **1**

(क) घर-घर में ईश्वर है। (ख) सबके मन में राम है।

(ग) हृदय में राम है। (घ) ईश्वर सर्वव्यापक है।

(iii) पोथी पढ़ने से क्या प्राप्त होता है? **1**

(क) ज्ञान प्राप्त होता है (ख) पांडित्य प्राप्त होता है

(ग) ईश्वर प्राप्त होता है (घ) अहंकार प्राप्त होता है।

(iv) क्या पढ़ने से मानव पंडित बन सकता है? **1**

(क) प्रेम का अक्षर पढ़ने से (ख) शास्त्र पढ़ने से

(ग) ईश्वर का नाम पढ़ने से (घ) मित्र का नाम लेने से

(v) 'पोथी पढ़ि-पढ़ि' में अलंकार होगा – **1**

(क) अनुप्रास (ख) रूपक

(ग) उपमा (घ) पुनरुक्ति प्रकाश

अथवा

पावस ऋतु थी पर्वत प्रदेश

पल-पल परिवर्तित प्रकृति वेश ।

मेखलाकार पर्वत अपार

अपने सहस्र दृग सुमन फाड़

अवलोक रहा है बार-बार

नीचे जल में निज महाकार ।

गिरि का गौरव गाकर झर-झर

मद में नस-नस उत्तेजित कर

मोती की लड़ियों से सुन्दर

झरते हैं झाग भरे निर्झर ।

(i) कौन सी ऋतु का वर्णन है? **1**

(क) ग्रीष्म ऋतु (ख) पतझड़

(ग) वसंत ऋतु (घ) वर्षा ऋतु

(ii) कौन अपना रूप बदल रहा है? **1**

(क) प्रकृति (ख) पर्वत

(ग) जंगल (घ) बादल

(iii) पर्वत के नेत्र किसे माना है? **1**

(क) आसमान को (ख) वर्षा को

(ग) फूलों को (घ) प्रकृति को

(iv) झरने क्या कर रहे हैं? **1**

(क) झर रहे हैं (ख) गौरव गान गा रहे हैं

(ग) ऊँचाई से गिर रहे हैं (घ) मस्त हो रहे हैं ।

(v) पानी की बूंदो की तुलना किससे की गई है? **1**

(क) झरने से (ख) नदी से

(ग) नभ से (घ) मोती की लड़ी से

11. निम्नलिखित में से दो प्रश्नों के उत्तर संक्षेप मे दीजिए – **2x2.5=5**

(क) सुभाष बाबू के जुलूस में स्त्री समाज की क्या भूमिका थी?

(ख) निकोबार के लोग तताँरा को क्यों पसन्द करते थे?

(ग) लेखक ने राजकपूर को एशिया का सबसे बड़ा शोमैन कहा । शोमैन से आप क्या समझते हैं?

(घ) 'तीसरी कसम' फिल्म को सैल्यूलाइड पर लिखी कविता क्यों कहा गया है?

12. शैलेन्द्र के गीतों की क्या विशेषताएँ हैं? अपने शब्दों में लिखिए । **5**

अथवा

बड़े भाई साहब ने जिन्दगी के अनुभव और किताबी ज्ञान में से किसे और क्यों महत्त्वपूर्ण कहा है?

13. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

सालाना इम्तिहान हुआ । भाई साहब फेल हो गए । मैं पास हो गया और दरजे में प्रथम आया । मेरे और उनके बीच में केवल दो साल का अंतर रह गया । जी में आया भाई साहब को आड़े हातों लूँ–'आपकी वह घोर तपस्या कहाँ गई? मुझे देखिए, मजे से खेलता रहा और दरजे में अव्वल भी हूँ' । लेकिन वह इतने दु:खी और उदास थे कि मुझे उनसे दिली हमदर्दी हुई और उनके घाव पर नमक छिड़कने का विचार ही लज्जास्पद जान पड़ा। अब मुझे अपने ऊपर कुछ अभिमान हुआ और आत्मसम्मान भी बढ़ा । भाई साहब का वह रौब मुझ पर न रहा। आज़ादी से खेल–कूद में शरीक होने लगा । दिल मजबूत था । अगर उन्होंने फिर मेरी फजीहत की तो साफ कह दूँगा – 'आपने अपना खून जलाकर कौन सा तीर मार लिया । मैं तो खेलते–कूदते दरजे में अव्वल आ गया'। ज़बान से यह हेकडी जताने का साहस न होने पर भी मेरे रंग–ढंग से साफ ज़ाहिर होता था कि भाई साहब का आतंक मुझ पर नहीं था ।

(क) पास होने पर लेखक के मन में क्या आया? **2**

(ख) छोटे भाई को क्या बात लज्जास्पद जान पड़ी? **2**

(ग) 'खून जलाना' मुहावरे का वाक्य बनाइए । **1**

अथवा

कुछ समय बाद पासा गाँव में पशु–पर्व का आयोजन हुआ । पशु – पर्व में हृष्ट पुष्ट पशुओं के प्रदर्शन के अतिरिक्त पशुओं से युवकों की शक्ति परीक्षा प्रतियोगिता भी होती थी । वर्ष में एक बार सभी गाँव के लोग हिस्सा लेते हैं । बाद में नृत्य–संगीत और भोजन का भी आयोजन होता है। शाम से सभी लोग पासा में एकत्रित होने लगे। धीरे–धीरे विभिन्न कार्यक्रम शुरू हुए । तताँरा का मन इन कार्यक्रमों में तनिक न था । उसकी व्याकुल आँखें वामीरो को ढूँढने में व्यस्त थी । नारियल के झुंड के एक पेड़ के पीछे से उसे जैसे कोई झाँकता दिखा। उसने थोड़ा और करीब जाकर पहचानने की चेष्टा की । वह वमीरो थी जो भयवश सामने आने में झिझक रही थी । उसकी आँखें तरल थीं। होंठ काँप रहे थे । तताँरा को देखते ही वह फूटकर रोने लगी । तताँरा विह्वल हुआ । उससे कुछ बोलते ही नहीं बन रहा था । रोने की आवाज लगातार ऊँची होती जा रही थी । तताँरा किंकर्तव्यविमूढ था ।

(क) गाँव में किस पर्व का आयोजन होता था? उसमें क्या होता था? **2**

(ख) तताँरा किसमें व्यस्त था? **1**

(ग) वामीरो की क्या स्थिति थी? **1**

(घ) वामीरो को देखकर तताँरा की क्या दशा हुई? **1**

14. (क) 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता के आधार पर बताइए कि मेखलाकार शब्द का क्या अर्थ है? कवि ने इस शब्द का प्रयोग क्यों किया है? **2.5**

(ख) कम्पनी बाग में रखी तोप क्या सीख देती है? **2.5**

15. 'हरिहर काका' कहानी के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि लेखक ने यह क्यों कहा कि 'अज्ञान की स्थिति में ही मनुष्य मृत्यु से डरते हैं । ज्ञान होने के बाद आदमी आवश्यकता पड़ने पर मृत्यु को वरण करने के लिए तैयार हो जाता हैं। **3**

अथवा

'समाज में रिश्तों की क्या अहमियत है?' स्पष्ट करें ।

16. हरिहर काका के साथ उनके भाइयों का व्यवहार क्यों बदल गया? **2**

खंड 'घ'

17. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए - **5**

(क) करत - करत अभ्यास के जड़मति होत सुजान

* अर्थ

* उदाहरण

* अभ्यास का महत्त्व

(ख) प्रदूषण : एक समस्या

* प्रदूषण के प्रकार

* कारण

* दूर करने के उपाय

(ग) मेट्रो, सुविधाजनक सवारी

* मेट्रो के लाभ

* बड़े राज्य में स्वरूप

* वर्तमान स्थिति

18. आपके पड़ोस की बिजली की दुकान में ऊँची आवाज़ में दिन - रात गाने बजते रहते हैं । इससे होने वाली असुविधा की शिकायत करते हुए अपने क्षेत्र के थानाध्यक्ष को पत्र लिखिए । **5**

अथवा

आप अपने विद्यालय की वाद-विवाद प्रतियोगिता में भाग लेना चाहते हैं, इस प्रार्थना के साथ अपने प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए ।

- o O o -